प्रदर्शन | खाली बोरियां लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे लोग

## राशन वितरण बंद होने से हजारों कार्डधारक प्रभावित



**नवभारत, जबलपुर।** जिले में राशन वितरण में कथित अनियमितताओं को लेकर मंगलवार को राशन दुकानदारों और कार्डधारकों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने खाली बोरियां लेकर सांकेतिक विरोध जताया और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जनसेवक अधिवक्ता रोहित कुरील ने बताया कि अप्रैल माह का राशन वितरण 30 अप्रैल तक होना था, लेकिन इसे 15 अप्रैल तक ही सीमित कर दिया गया। 16 अप्रैल से वितरण अचानक बंद कर दिया गया, जिससे 32 हजार से अधिक कार्डधारक राशन से वंचित रह गए। उनके अनुसार डेढ़ से दो लाख हितग्राही इस अव्यवस्था से प्रभावित हुए हैं।

**मई और जून का राशन भी मिलना था अप्रैल में**

प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं में कहीं भी यह उल्लेख नहीं है कि राशन वितरण केवल 15 तारीख तक ही किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अप्रैल में अचानक एक आदेश जारी कर मई और जून का राशन भी इसी महीने देने की बात कही गई, जबकि अप्रैल का राशन ही पूरी तरह वितरित नहीं हो पाया।

### मशीनें बंद रहने से खाली हाथ लौटना पड़ा

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि अप्रैल का शेष राशन तुरंत वितरित किया जाए और मई-जून का राशन अपने निर्धारित समय पर ही दिया जाए, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा, लोगों ने यह भी शिकायत की कि तकनीकी खामियों के चलते मशीनें बंद रहने से कई बार राशन दुकानों से खाली हाथ लौटना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से जिम्मेदारी तय करने और समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की है।

## विकास को लगे पंख, सिटीज 2.0 के तहत मिली बड़ी सौगात

**अपेक्स कमेटी ने दी प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी, देश में तीसरे व प्रदेश में एक मात्र जबलपुर स्मार्ट सिटी का हुआ चयन**




**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी के सतत और आधुनिक विकास की दिशा में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली में आयोजित अपेक्स कमेटी की उच्च स्तरीय बैठक में देश के चुनिंदा 18 शहरों में से जबलपुर, आगरा और जयपुर के प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स को अंतिम मंजूरी दे दी गई है। इसमें देश में तीसरे और प्रदेश में एक मात्र जबलपुर स्मार्ट सिटी का चयन हुआ है।

यह उपलब्धि जबलपुर को 'क्लाइमेट स्मार्ट सिटी' और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

### क्या है सिटीज 2.0..

सिटीज 2.0 मिशन का मुख्य उद्देश्य शहरों में नवाचार, समावेशी विकास और जलवायु अनुकूल बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है। जबलपुर स्मार्ट सिटी द्वारा तैयार किए गए इन प्रोजेक्ट्स के माध्यम से शहर में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

इस संबंध में स्मार्ट सिटी के चेयरमैन राघवेंद्र सिंह एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि शहरी विकास में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक बेहतर नागरिक सेवाओं के लिए डिजिटल और स्मार्ट तकनीकों का समावेश होगा।

शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जाएगा। वहीं स्मार्ट सिटी के सीईओ अरविंद शाह ने बताया कि परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए विशेष प्रारूप तैयार किए जा रहे हैं, जिससे कार्यों में पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। जबलपुर की इस बड़ी उपलब्धि पर प्रशासनिक अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे टीम वर्क का परिणाम बताया है। अधिकारियों के अनुसार यह जबलपुर के लिए गर्व का क्षण है। सिटीज 2.0 के तहत स्वीकृत ये परियोजनाएं शहर के समग्र विकास को नई गति प्रदान करेंगी।

## ग्राम पंचायत सरौली में लाखों के घोटाले का आरोप

**सचिव- सरपंच की मिलीभगत, हितग्राही योजनाओं में लापरवाही**

**नवभारत, जबलपुर।** जनपद पंचायत सिहोरा की ग्राम पंचायत सरौली में पदस्थ प्रभारी सचिव आशीष दुबे पर गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने जिला पंचायत जबलपुर एवं जनपद पंचायत सिहोरा के अधिकारियों को शिकायत देकर सचिव को पद से हटाकर जांच की मांग की है। शिकायत के अनुसार, लगभग दस माह से पदस्थ प्रभारी सचिव आशीष दुबे पंचायत के जनहित कार्यों में रुचि नहीं ले रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वे पंचायत में नियमित उपस्थित नहीं रहते और लोगों के कार्यों में आनाकानी करते हैं। साथ ही उनके द्वारा अभद्र भाषा का उपयोग किए जाने से ग्रामीणों में असंतोष बढ़ रहा है।

**पेयजल और स्वच्छता व्यवस्था चरमराई**-ग्राम में पेयजल व्यवस्था अत्यंत खराब बताई जा रही है। कई स्थानों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण गंदा और कीड़े युक्त पानी लोगों को पीना पड़ रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा बार-बार शिकायत के बावजूद सुधार कार्य समय पर नहीं कराया गया।

**फर्जी बिल और लाखों की राशि के गबन का आरोप**

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 26 जून 2025 से 19 अक्टूबर 2025 के बीच ग्राम पंचायत खाते से लगभग 7.39 लाख रुपये की राशि फर्जी बिलों के माध्यम से निकाली गई। आरोप है कि कई कार्यों के लिए राशि निकाली गई, लेकिन वे कार्य जमीन पर शुरू भी नहीं हुए। पंचायत सदस्यों को न तो जानकारी दी गई और न ही उनके अनुमोदन से भुगतान किया गया।




## महिलाओं से छल कर रही भाजपा सरकार : यश घनघोरिया

**महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा की नीतियों पर खड़े किए सवाल**

**नवभारत, जबलपुर।** महिला आरक्षण बिल पर घमासान शुरू हो गया है। मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा सरकार की नीतियों पर तीखे सवाल उठाए हैं। मंगलवार को आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान यश घनघोरिया ने कहा कि

भाजपा सरकार महिलाओं के अधिकारों के साथ छल कर रही है और उन्हें वास्तविक राजनीतिक भागीदारी से वंचित रख रही है। भाजपा की नीतियां महिला विरोधी हैं और महिला आरक्षण बिल केवल दिखावे तक सीमित है। इस दौरान उन्होनें ये भी आरोप लगाए कि इस बिल के जरिए महिलाओं को वास्तविक अधिकार देने के बजाय इसे राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर सरकार सिर्फ प्रचार कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

**महिलाओं को मिले उनके वास्तविक अधिकार**

पत्रकारवार्ता में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश ने राहुल गांधी के संसद में दिए गए बयान का भी उल्लेख किया गया, जिसमें उन्होंने महिला आरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा था कि महिलाओं को बराबरी का हक मिलना चाहिए और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना जरूरी है। युवा कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि महिला आरक्षण बिल को प्रभावी और पारदर्शी तरीके से लागू किया जाए, ताकि महिलाओं को वास्तविक अधिकार और प्रतिनिधित्व मिल सके।

## सिहोरा का समपार फाटक स्थायी रूप से होगा बंद

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेल मंडल के सिहोरा यार्ड क्षेत्र में स्थित समपार फाटक संख्या 336 (कि.मी. 1029/22-24) के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। 17 अप्रैल को लोक निर्माण मंत्री द्वारा उक्त रोड ओवर ब्रिज का विधिवत उद्घाटन कर दिया गया है, जिसके पश्चात अब सड़क यातायात सुचारू रूप से आरओबी के माध्यम से संचालित हो रहा है। इसी क्रम में, समपार फाटक संख्या 336 को दिनांक 23 अप्रैल को सायं 05 बजे से सड़क यातायात हेतु स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है। रेलवे ने जनसामान्य से अनुरोध किया है कि वे उक्त समपार फाटक का उपयोग न करें तथा आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में निर्मित रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का ही उपयोग करें। जबलपुर रेल मंडल द्वारा यह निर्णय जनहित एवं यातायात की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सभी से सहयोग की अपेक्षा की जाती है।




## एसपी ने सुनी समस्याएं 95 शिकायतें पहुंचीं

**जबलपुर ।** मंगलवार को जन सुनवाई में शिकायतकर्ताओं की पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने शिकायतें सुनी। म्बंधित अधिकारियों को त्वरित वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया ।

जन सुनवाई मे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिकायतकर्ता पुलिस कार्यालय में आये थे, अधिकांश शिकायतें पति-पत्नि, परिवारिक एवं जमीन सम्बंधी विवाद, मारपीट, सायबर अपराध से सम्बंधित 95 शिकायतें थी । जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा उपाध्याय उपस्थित रहे।

## स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था सेक्स रैकेट



**होटल विरासत में पुलिस की रेड संचालक समेत दो गिरफ्तार**

**जबलपुर।** होटल विरासत में स्पा सेंटर की आड़ में सेक्स रैकेट चल रहा था। जिसकी भनक लगते ही गोसलपुर पुलिस ने छापेमारी कर दी। मौके से संचालक समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक सूचना मिली कि होटल विरासत स्पा सेंटर गोसलपुर के संचालक सुखदेव पटेल निवासी घुघरी गोसलपुर का अपने होटल में बाहर से महिला बुलाकर अनैतिक देह व्यापार कराने के लिये ग्राहकों को उपलब्ध कराकर अवैध धन अर्जित करता है एवं प्रत्येक ग्राहक से महिला उपलब्ध कराने का 700 रूपये लेता है। सूचना पर पुलिस ने पंटर को ग्राहक बनाकर भेजा। जिसे बताया गया कि होटल की कुछ दूरी पर पुलिस फोर्स इशारे का इंतजार करेंगी वहां जाकर होटल संचालक से देह व्यापार के लिये महिला उपलब्ध कराने का सौदा करना और सौदा तय होने के बाद हाथ हिलाकर इशारा करना। 500 रूपये का 1 नोट एवं 100 के 2 नोट को हस्ताक्षर कर देते हुये पंटर को भेजा गया।

**इशारा मिलते ही धमकी टीम, रजिस्टर में नहीं मिली एंट्री**

थोड़ी देर बाद पंटर का इशारा मिलने पर थाना प्रभारी गोसलपुर श्रीमति गाजीवती पुसाम द्वारा पुलिस बल के साथ होटल विरासत स्पा सेंटर गोसलपुर में दबिश दी जहां काउंटर में सुखदेव पटेल पटेल 34 वर्ष निवासी ग्राम घुघरी थाना गोसलपुर मिला। पुलिस ने होटल के काउण्टर की तलाशी ली गई जो काउण्टर के उपर आगंतुक रजिस्टर रखा मिला जिसे खोल कर देखने पर आज दिनांक को किसी प्रकार की इंट्री दर्ज होना नहीं पायी गयी बाद काउण्टर के ड्राज को खोलकर चेक करने पर उसमें पंटर को दिये गये 500 रूपये का 1 नोट एवं 100 रूपये के 2 हस्ताक्षरित नोट एवं आपत्तिजक चीजे मिले ।

### कमरों की सर्चिंग, आपत्तिजनक हालत में मिले युवक-युवती

होटल संचालक सुखदेव पटेल की तलाशी लेने पर पेंट के जेब से सेमसंग कंपनी का एंड्रायड मिला। इसके बाद होटल संचालक सुखदेव पटेल को साथ लेकर होटल के कमरों को चेक किया गया। कमरा नं.02 में रामजी पटेल पटेल 39 वर्ष निवासी रामवार्ड देवरी पनागर एवं एक महिला आपत्तिजनक स्थिति में मिले।

### शहर से बुलाई गई युवती

युवती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि संचालक सुखदेव पटेल उसे जबलपुर से बुलाता था एवं प्रत्येक ग्राहक का 500 रूपये देता है एवं एक अन्य महिला को भी होटल संचालक बुलाता है। कमरा नं.03 खोलकर देखने पर उसमें एक महिला बैठी मिली जिसे भी होटल मालिक ग्राहकों को परोस रहा था।

### लंबे समय से चल रहा था देह व्यापार

रामजी पटेल ने पूछताछ करने पर बताया कि होटल संचालक सुखदेव पटेल होटल में लडकियां बुलाकर ग्राहकों को उपलब्ध कराता है जो वह भी लड़की के चक्कर में होटल आया था होटल संचालक सुखदेव पटेल ने 700 रूपये लेकर लडकी को उपलब्ध कराया है। बताया जाता है कि होटल और स्पा सेंटर की आड़ में लंबे समय से देह व्यापार का धंधा चल रहा था। आरोपी संचालक सुखदेव पटेल, एवं रामजी पटेल के खिलाफ अनैतिक व्यापार अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी।

## जमीन बेचने के नाम पर लाखों की ठगी




**अनुबंध के बाद दूसरे को बेचे दो प्लाट, अंबे श्री डेवलपर्स पार्टनर पर धोखाधड़ी का आरोप**

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत नीमखेड़ा में अंबे श्री डेवलपर्स पार्टनर्स ने जमीन बेचने के नाम पर लाखों की ठगी कर दी। अनुबंध के बावजूद दो प्लाटों को दूसरे को बेच दिए। पीड़ित ने धोखाधड़ी की शिकायत थाने में की है।

पीड़ित आकाश कुर्मी पिता नरेश प्रसाद निवासी ग्राम नीमखेड़ा, बरेला ने बताया कि उन्होंने बरेला नीमखेड़ा स्थित दो भूखंडों का अनुबंध 9 अप्रैल 2025 को अंबे श्री डेवलपर्स के पार्टनर महेन्द्र पटेल, रूपान्शु पटेल व नरेश पटेल से किया गया था। जिसके ब्याने बतौर पर लाखों रूपए के चेक दिए गए थे। अनुबंध करने के बाद उन्होंने उक्त दोनों प्लाटों का विक्रय किसी अन्य को कर दिया है, और उसकी रजिस्ट्री भी उनके नाम से कर दी है।

### इन भूखंडों का हुआ था सौदा

पीड़ित के अनुसार, अंबे श्री डेवलपर्स के पार्टनर्स महेंद्र पटेल, रूपांशु पटेल और नरेश पटेल के साथ ग्राम नीमखेड़ा के खसरा नंबर 185, 186, 187, 188 और 189 (कुल रकबा 4.30 एकड़) में स्थित प्राइवेट ले-आउट के दो प्लॉटों का सौदा किया था। पीड़ित ने बताया कि प्लॉट नंबर 53 (1000 वर्गफुट) के लिए 1,00,000 रूपए का चेक और प्लॉट नंबर 54 (1000 वर्गफुट) के लिए 1,00,000 रूपए का बयाने के तौर पर डीसीबी बैंक, शाखा करमेता के माध्यम से उक्त डेवलपर्स को दिए थे।

## बीएससी छात्रा ने बाथरूम में लगाई फांसी

**संदिग्ध मामला, छानबीन में जुटी पुलिस**

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत आनंद कॉलोनी बल्देवबाग उखरी में बीएससी छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मंगलवार को कपिल वरमैया निवासी आनंद कॉलोनी बल्देवबाग उखरी ने सूचना दी कि वह बहन स्वर्णलता वरमैया एवं कजन बहन कर्णिका किराये का मकान में लगभग 6-7 माह से रह रहे हैं बहन स्वर्णलता बीएससी प्रथम वर्ष की पढ़ाई करती है वह बीटेक की पढ़ाई कर रहा है कर्णिका बीपीटी प्रथम वर्ष में पढ़ाई कर रही है सभी एक साथ रह रहे थे। सुबह लगभग 10 बजे स्वर्णलता उसे उठाकर बोली कि मैं कपड़े धुलकर नहा रही हूं वह नींद में था उसने हॉ बोला और सो गया था लगभग एक बजे उठा और स्वर्णलता को देखा नहीं दिखी बहन कर्णिका को जगाया और



बाथरूम का दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई आवाज नहीं आने पर बाथरूम के दरवाजे के अंदर हाथ डालकर कुंडी खोली देखा तो बाथरूम में बने बेंटीलेशन की राड में बहन स्वर्णलता अपनी चुनरी से फांसी लगाकर लटकी थी वह एवं कर्णिका बहन स्वर्णलता को फांसी से उतारकर निजी अस्पताल लेकर आ गए जहां डाक्टर ने चैक कर बहन स्वर्णलता 18 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। उसकी बहन स्वर्णलता महिला संबंधी बीमारी से परेशान थी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है । मृतिका ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों से उठाया इसका पता लगाया जा रहा है । पुलिस का कहना है कि जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।




## सैंकड़ों ट्रैकमैन गोंडवाना एक्सप्रेस से दिल्ली रवाना

**जबलपुर, नवभारत।** आल इंडिया रेलवे मैंस फेडरेशन (एआईआरएफ) द्वारा 22 अप्रैल बुधवार को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में ट्रैक मेंटेनेंर्स के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए मंगलवार 21 अप्रैल को डबलूसीआरईयू के नेतृत्व में गाड़ी संख्या 22181 गोंडवाना एक्सप्रेस में लगाये गये स्पेशल कोच में बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी रवाना हुए। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की जाती रही अधिवेशन में ओम मिश्रा, अजय गिरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में ट्रैकमैन दिल्ली रवाना हुए हैं जबलपुर के अलावा कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर से भी रेल कर्मचारी रवाना होंगे। इस अधिवेशन में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के सामने ट्रैक मेंटेनेर्स की कार्य के दौरान क्या-क्या व्यवहारिक समस्याएं सामने आती हैं, उसे प्रमुखता से उठाया जाएगा। गोंडवाना एक्सप्रेस में ट्रैक मेंटेनेर्स के लिये लगाये स्पेशल कोच के प्रति कर्मचारियों ने यूनियन के महामंत्री मुकेश गालव, मंडल अध्यक्ष बीएन शुक्ला व मंडल सचिव रोमेश मिश्रा का आभार जताया है जिनके प्रयासों से अलग से कोच लगाया जा सका है।

**इनकी रहेगी उपस्थिति**- एआईआरएफ के महामंत्री का. शिवगोपाल मिश्रा, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, डबलूसीआरईयू के महामंत्री का. मुकेश गालव भी मौजूद रहेंगे। इस अधिवेशन में ट्रैक मेंटेनर्स की समस्याओं व उनकी मांगों को प्रमुखता से उठाया जायेगा।

## बाइकों में भिड़ंत तीन घायल

**जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत प्रियदर्शनी कॉलोनी के पास बाइकों में भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन युवक घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक सुरेश कुमार चौधरी 40 वर्ष निवासी बरगीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शाम लगभग 4-30 अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एनजी 4410 से अपने बेटे सावन चौधरी एवं भतीजा अनुराग चौधरी को लेकर प्रियदर्शनी कॉलोनी डुमना साईड देखने के लिये आया था जहां से वापस जा रहे थे प्रियदर्शनी कॉलोनी मोड़ से मुड़ते हुये डुमना तरफसे मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन जे 8795 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे वह तथा सावन कुमार भतीजा अनुराग मोटर सायकल सहित गिर गये, तीनों को हाथ पैर में चोटें आ गई।

निरीक्षण | 312 करोड़ की राशि से चल रहे हर घर नर्मदा जल की प्रगति का महापौर ने किया औचक निरीक्षण

## आगामी 1 वर्ष में 3 लाख घरों में पहुंचेगा शुद्ध नर्मदा जल : महापौर



**नवभारत, जबलपुर।** शहर के देवतुल्य नागरिकों तक शुद्ध पेयजल पहुँचाने के संकल्प के साथ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू द्वारा 'हर घर नर्मदा जल' योजना की जमीनी हकीकत परखने के लिए औचक निरीक्षण किया गया। 312 करोड़ रुपये की लागत से चल रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत महापौर ने कहा कि आने वाले एक वर्ष के भीतर शहर के 3 लाख घरों में शुद्ध नर्मदा जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के अवसर पर महापौर ने बताया कि शहर में तेजी से विकास का ग्राफ बढ़ा है। आगे एक वर्ष में एक साथ शहर के नागरिकों को अनेक विकास कार्यो की सौगात दी जायेगी।

### गुणवत्ता और समय-सीमा पर महापौर का सख्त रुख

महापौर ने उपस्थित अधिकारियों और ठेकेदार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्य तय समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएँ, निर्माण सामग्री और पाइप लाइन बिछाने की प्रक्रिया में उच्च गुणवत्ता मानकों का पालन हो। इस दौरान महापौर ने नागरिकों को होने वाली असुविधा पर संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों की खुदाई के तुरंत बाद रीस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। महापौर श्री अन्नू ने कहा कि विकास कार्यों के कारण नागरिकों को आवागमन में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। पाइप लाइन डालने के बाद सड़कों को तत्काल पूर्ववत स्थिति में लाया जाए ताकि धूल और गड्ढों से नागरिकों को राहत मिले। औचक निरीक्षण के दौरान निगम के वरिष्ठ अधिकारी और तकनीकी टीम भी उपस्थित रही, जिन्हें महापौर ने नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर एम आई सी सदस्य दामोदर सोनी एवं पार्षद अनुराग दहिया आदि उपस्थित रहे।